और तोड़ फोड़ की गतिविधियों में पाकिस्तान का हाथ है और शिमला समझौते के लिए आम समर्थन है जिसके अन्तर्गत भारत और पाकिस्तान के बीच के सभी मसलों को द्विपक्षी बातचीत के माध्यम से शान्तिपूर्ण निपटाए जाने की अपेक्षा की गई है।

पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय वार्ता

3248. **श्री महेन्द्र सिंह लाठर :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हाल ही में भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई बैठक में किन-किन मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया ;

(ख) फरवरी 1992 के प्रथम सप्ताह में आयोजित बैठक में भारत सरकार ने पाकिस्तान के साथ किन-किन मुद्दों को उठाया था और इस संदर्भ में पाकिस्तान की प्रतिक्रिया क्या रही ;

(ग) क्या यह सच है कि पा प्रधान मंत्री इस बैठक में सहमति व्यक्त किए गए मुद्दों से मुकर गए और यदि हां, तो उनके पिछले रवैये में परिवर्तन के क्या कारण हैं ; और

(घ) पाकिस्तान द्वारा भारतीय सीमा पर घुसपैठ रोकने की दिशा में क्या कार्यवाही की गई है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फलेरिओ) : (क) और (ख) भारत और पाकिस्तान के प्रधान मंत्रियों की 2 फरवरी 1992 को दवोस (स्विटजरलैण्ड) में मुलाकात हुई थी। उनके बीच विभिन्न द्विपक्षीय मसलों पर और इन मसलों के समाधान के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के आवश्यक उपायों पर विचारों का व्यापक आदान-प्रदान हुआ था।

(ग) दवोस में हुई बैठक से उत्पन्न रचनात्मक वातावरण को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के जम्मू और कश्मीर में हुई घटनाओं से सम्बद्ध अनेक बयानों और कार्यों ने दूषित किया जिनमें कश्मीर के लोगों के साथ "एक जुटता दिवस" के रूप में 5 फरवरी, 1992 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का आह्वान शामिल है।

(घ) सरकार घुसपैठ को रोकने के लिए सीमाओं पर निरन्तर चौकसी रखे हुए है।

3249. *(Withdrawn)*

Curbing the activities of Militants in Foreign Countries

3250. SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE:
SHRI BEKAL UTSAHI:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether negotiations have been going on with various countries like, U.K., U.S.A. and Canada wherefrom militants activities in Punjab and Jammu and Kashmir are being carried on with a view to liquidating their headquarters abroad and bringing these militant leaders to book; and

(b) if so, whether any agreements or treaties of extradition have been signed with these countries; and if so, the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) The Government is in regular contact with the Governments of UK, USA and Canada with a view to curbing anti-India terrorism emanating from these countries.

(b) An Extradition Treaty with Canada was signed in 1987. An Extradition Treaty and Agreement concerning the investigation and prosecution of crime and the tracing, restraint and confiscation of the proceeds and instrments of crime (including crimes involving currency transfers) and ter-